# जनपदीय क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत त्रैमासिक बैठक की कार्यवृत्ति

स्थान – जिलाधिकारी, सभागार, संत कबीर नगर
दिनांक – 28 मार्च 2017, समय– अपरान्ह 4.30 बजे ।

आज दिनांक 28.03.2017 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपदीय क्वालिटी एश्योरेन्स कमेटी की त्रैमासिक बैठक सांय 04:30 बजे से शुरू हुई जिसमे निम्नलिखित पदाधिकारी / सदस्य उपस्थित थे –

1. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ।
2. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आर0सी0एच0, संत कबीर नगर ।
3. डा0 एस0 रहमान, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, सन्त कबीर नगर।
4. डा0 ए0के0 सिन्हा, प्रशिक्षक, क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम, संत कबीर नगर ।
5. समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु0 / प्रा0स्वा0केन्द्र, संत कबीर नगर ।
6. डा0 रक्षारानी, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ।
7. डा0 सन्तोष कुमार त्रिपाठी, निश्चेतक, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ।
8. डा0 ओ0पी0 चतुर्वेदी, फिजिशियन, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ।
9. डा0 सुनील, बालरोग विशेषज्ञ, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ।
10. डा0 निधि गुप्ता, सामु0स्वा0केन्द्र खलीलाबाद, संत कबीर नगर ।
11. डा0 लोकेश त्रिपाठी, सामु0स्वा0केन्द्र मेहदावल, संत कबीर नगर ।
12. डा0 राम भगत गौड़, सामु0स्वा0केन्द्र, हैंसर बाजार, संत कबीर नगर ।
13. डा0 संजीत मिश्रा (सर्जन), संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर।
14. डा0 ए0के0 सिंह (सर्जन), संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर।
15. डा0 आमिर महमूद खान, हास्पिटल क्वालिटी मैनेजर, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर।
16. श्रीमती सरोज मौर्या, स्टाफनर्स (नर्सिंग सुपरिटेंडेन्ट), संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ।
17. श्री संजय शुक्ला, जनपद स्तर के विधिक सेल के प्रतिनिधि ।
18. डा0 आर0के0 चौधरी, स्पर्श हास्पिटल, डड़वा चौराहा भुजैनी, संत कबीर नगर ।
19. डा0 आर0एन0 मिश्रा, सदस्य, आई0एम0ए0, सन्त कबीर नगर।
20. डा0 अबूबकर, कंसल्टैन्ट, जनपदीय क्वालिटी एश्योरेन्स प्रोग्राम सन्त कबीर नगर।
21. हरिराम यादव, डाटा आपरेटर कम प्रोग्राम असिस्टेन्ट क्वा0ए0, सन्त कबीर नगर।

बैठक में क्वालिटी एश्योरेन्स कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के राजकीय चिकित्सालयों के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी महोदय के अध्यक्षता में विस्तृत चर्चा की गयी एवं चिकित्सालयों की गुणवत्ता बढ़ाने एवं चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़ किये जाने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर व्यापक चर्चा की गयी तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा चिकित्सालयों की साफ–सफाई, स्वच्छ पेयजल आदि की व्यवस्था हेतु अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सामु0 / प्रा0स्वा0केन्द्रों में मरीजों एवं तीमारदारों हेतु स्वच्छ पेय जल उपलब्ध कराये तथा चिकित्सालय में खराब पड़े सामग्री को रखने हेतु एक अलग से स्टोर रूम स्थापित कर उक्त सामग्री को रखे, जिससे चिकित्सालय की साफ–सफाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ किया जा सकें । मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने निर्देशित किया कि चिकित्सालय परिसर में मरीजों एवं तीमारदारों के बैठने की व्यवस्था होनी चाहिए तथा परिसर में पशुओं के अनाधिकृत प्रवेश को रोकने के चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर कैटल ट्रैप लगाने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे कि उक्त परिसर में अनावश्कय रूप से पशुओं को चिकित्सालय परिसर में जाने से रोका जा सके ।

उक्त बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0पी0 श्रीवास्तव ने जनपद के समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त सामु0 / प्रा0स्वा0केन्द्रो का इन्टर्नल असिस्मेन्ट कर गैप क्लोजर रिपोर्ट तैयार की गयी है एवं गैप क्लोजर रिपोर्ट के अनुसार चिकित्सालयों पर पायी कमियों को ठीक करने हेतु अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गैप क्लोजर के अनुसार कमियों को ठीक कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये ।

कन्सल्टेन्ट क्वालिटी एश्योरेन्स डा0 अबूबकर ने बताया कि जनपद के समस्त सामु0 / प्रा0स्वा0केन्द्रों का इन्टर्नल असिस्मेन्ट कर गैप क्लोजर रिपोर्ट जिलाधिकारी महोदय को पूर्व में प्रेषित किया जा चुका है तथा गैप क्लोजर रिपोर्ट के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर एवं समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर गैप क्लोजर के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । डा0 अबूबकर ने बताया कि फायर सेफ्टी आफिसर द्वारा सामु0 / प्रा0स्वा0केन्द्रों की आडिट की गयी एवं फायर सेफ्टी आफिसर द्वारा रिपोर्ट प्रेषित की गयी, जिसमें जनपद के प्रत्येक सामु0 स्वास्थ्य केन्द्रो पर 2 अदद सी0ओ0टू0 4.5 के0जी0, 25 अदद ए0बी0सी0 क्षमता 06 के0जी0 व एक अदद माडूलर फायर एक्सटिंग्यूसर लगाने हेतु सुझाव दिये। डा0 अबूबकर ने बताया कि परिवार कल्याण नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय क्वालिटी एश्योरेंस कमेटी के अन्तर्गत महिला नसबन्दी (लैप्रो एवं मिनी लैप विधि) एवं पुरूष नसबन्दी में प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं को इम्पैनल किया गया है। इम्पैनल सूची मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत की गयी। अध्यक्ष महोदय द्वारा परिवार नियोजन के विधि को बढ़ावा एवं उसके प्रचार–प्रसार का सुझाव दिया गया।

हास्पिटल क्वालिटी मैनेजर, डा0 आमिर महमूद, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ने बताया कि चिकित्सालय से बायो मेडिकल वेस्ट कूड़ा अब प्रत्येक दिन गाड़ी से उठा कर दूसरे जगह पहुँचाया जा रहा है जो पहले नही होता था। उन्होने बताया कि कायाकल्प प्रोग्राम माननीय प्रधानमंत्री जी के Clean India Green India के पहल से है। इसके तहत चिकित्सालय का कायाकल्प करना है।

बैठक के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय ने बैठक में उपस्थित समस्त चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद प्रस्तुत करते हुए कहा कि यदि हम सब पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करें तो निश्चित रूप से चिकित्सालयों के गुणवत्ता में सुधार होगी और हमें बेहतर परिणाम प्राप्त होगें।

o/c

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संत कबीर नगर

## कार्यालय– मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संत कबीर नगर ।

पत्रांक – क्वालिटी एश्यो0कार्य0 / त्रैमासिक बैठक / 2017–18 / 696-97 दिनांक 25 अप्रैल 2017

प्रतिलिपि :– निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, बस्ती मण्डल, बस्ती ।
2. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर ।
3. मुख्य विकास अधिकारी, संत कबीर नगर
4. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर ।
5. समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु0 / प्रा0स्वा0केन्द्र, संत कबीर नगर ।

o/c

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संत कबीर नगर

## कार्यालय–मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संत कबीर नगर

पत्रांक–समिति/गठन/डि0क्यू0ए0सी0/2016-17 दिनांक अगस्त, 2016

### कार्यालय–ज्ञाप

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक–01.08.2016 को आयोजित जनपदीय क्वालिटी एसोरेन्स कमेटी की बैठक में दिये गये निर्देश के क्रम में क्वालिटी के क्षेत्र में जनपद स्तर पर समग्र मार्ग दर्शन मेंटरिंग एवं अनुश्रवण हेतु निम्नानुसार जनपद स्तरीय क्वालिटी एसोरेन्स समिति का पुर्नगठन किया जाता है:–

| क्रमांक | नाम / पदनाम | | |
|---|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी, संत कबीर नगर | – | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संत कबीर नगर | – | संयोजक |
| 3 | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सं0जि0चि0, सं0क0न0 | – | सदस्य |
| 4 | अधीक्षक / प्र0चि0अ0 समस्त सामु0 / प्रा0स्वा0केन्द्र (बारी से) | – | सदस्य |
| 5 | डा0 रक्षा रानी स्त्रीरोग, विशेषज्ञ | – | सदस्य |
| 6 | डा0 संजीत मिश्रा, शल्यक | – | सदस्य |
| 7 | डा0 संतोष कुमार त्रिपाठी, निश्चेतक | – | सदस्य |
| 8 | डा0 ओ0पी0 चतुर्वेदी, फिजीशियन | – | सदस्य |
| 9 | डा0 सुनील, बाल रोग विशेषज्ञ | – | सदस्य |
| 10 | श्रीमती सरोज मौर्या, स्टाफ नर्स / (नर्सिंग सुपरिटेंडेन्ट / उपनर्सिग सुपरिटेंडेनन्ट) संयुक्त जिला चिकित्सालय, सं0क0न0 | – | सदस्य |
| 11 | श्री संजय शुक्ला, जनपद स्तर के विधिक सेल के प्रतिनिधि | – | सदस्य |
| 12 | डा0 आर0के0 चौधरी, स्पर्स हास्पीटल, डड़वा चौराहा, भुजैनी, सं0क0न0 (मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालय | – | सदस्य |
| 13 | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कपिल मुनी मिश्रा | – | सदस्य सचिव |

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संत कबीर नगर

पत्रांक–समिति / गठन / डि0क्यू0ए0सी0 / 2016–17 तद् दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।
2. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उ0प्र0, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ।
3. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बस्ती मण्डल बस्ती।
4. जिलाधिक410री, संत कबीर नगर।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक, एन0.एच0एम0, बस्ती मण्डल बस्ती।
6. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबंधक, एन0.एच0एम0, बस्ती मण्डल बस्ती।
7. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर।
8. समस्त अधीक्षक / प्राभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु0 / स्वा0केन्द्र–संत कबीर नगर।
9. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आर0सी0एच0, संत कबीर नगर।
10. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डी0पी0एम0यू0 एन0एच0एम0, संत कबीर नगर।
11. श्री संजय शुक्ला, जनपद स्तर के विधिक सेल के प्रतिनिधि, संत कबीर नगर।
12. डा0 आर0के0 चौधरी, स्पर्स हास्पीटल, डड़वा चौराहा, भुजैनी, सं0क0न0।
13. समस्त सम्मानित सदस्य, संयुक्त जिला चिकित्सालय, संत कबीर नगर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संत कबीर नगर

जिलाधिकारी महोदय,
सन्त कबीर नगर।

महोदय,

परिवार कल्याण नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय क्वालिटी एन्श्योरेन्स कमेटी के अन्तर्गत महिला नसबन्दी (लैप्रो एवं मिनी लैप विधि) एवं पुरूष नसबन्दी में प्रशिक्षित सेवा प्रदाताओं को इम्पैनल किया जाना है। जिसकी सूची नोट शीट के दाहिनी ओर पताका ''क'' पर संलग्न है। पूर्व में इम्पैनल किये जा चुके सेवा प्रदाताओं की सूची भी पताका ''ख'' पर संलग्न है।

कृपया सहमति की दशा में इम्पैनल हेतु संलग्न सेवा प्रदाताओं की सूची अनुमोदित करना चाहें।

24/3/17

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संत कबीर नगर

वार्ता कृपया।
24/3/17
DM

CMO

वार्ता हुई।
अनुमोदित।
25/3/17
DM